संख्या-48/62/84-1-14-01बामा/2014

प्रेषक]

जावेद उस्मानी]
मुख्य सचिव]
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में]

समस्त प्रमुख सचिव/सचिव]
उत्तर प्रदेश शासन।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप अनुभाग-1 लखनऊ दिनॉक 23 जनवरी] 2014

विषय- उत्तर प्रदेश राज्य में नेशनल टेस्ट हाउस (एन0टी0एच0) से वस्तुओं की गुणवत्ता का परीक्षण कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय]

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि भारत सरकार] उपभोक्ता मामले] खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय] उपभोक्ता मामले विभाग के प्रशासकीय नियंत्रण में देश में मुम्बई] जयपुर] कोलकत्ता] चेन्नई] गाजियाबाद एवं गुवाहाटी में विभिन्न इंजीनियरिंग एवं उपभोक्ता उत्पादों की गुणवत्ता की जॉच करने हेतु नेशनल टेस्ट हाउस (एन.टी.एच.) की प्रयोगशालाएं स्थापित हैं। उक्त संस्थायें भारतीय मानक ब्यूरो तथा नेशनल एक्रीडेशन बोर्ड फार टेस्टिंग एण्ड कैलीब्रेशन लेब्रोटूीज (एन0ए0बी0एल0) द्वारा मान्यता प्राप्त है।

2- उत्तर प्रदेश राज्य में नेशनल टैस्टिंग हाउस की प्रयोगशाला गाजियाबाद में स्थापित है] जिसमें सिविल] मैकेनिकल] इलेक्ट्रिकल] नान डिस्ट्रक्टिव एवं रबड़] प्लास्टिक एवं टेक्सटाइल (आर0पी0टी0) से सम्बन्धित वस्तुओं के गुणवत्ता का परीक्षण किया जाता है। देश के उपरोक्त स्थानों पर स्थापित एन0टी0एच0 एवं परीक्षित होने वाली वस्तुओं/उत्पादों की सूची संलग्न है। गाजियाबाद स्थित नेशनल टेस्ट हाउस में इस वर्ष खदान में प्रयुक्त होने वाले सीमेंट एवं रेजिन कैप्सूल तथा अस्पतालों में प्रयुक्त होने वाले सीरिंज डिस्ट्रायर पर प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया गया है। उत्तर प्रदेश राज्य के सम्बन्धित विभाग जो कि इंजीनियरिंग एवं उपभोक्ताओं से सम्बन्धित उत्पादों का क्रय किसी संस्थान अथवा उसके निर्माता से करते हैं तो उनकी जॉच क्रय करने से पूर्व अथवा बाद में सम्बन्धित नेशनल टेस्ट हाउस से कराये जाने पर विचार किया जाय] ताकि उपभोक्ताओं को उचित गुणवत्ता के उत्पाद उपलब्ध हो सकें।

संलग्नक-यथोपरि।

भवदीय]
(जावेद उस्मानी)
मुख्य सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in